स्थानीय परंपरा | 5 नबंवर को लगेगी नारायणगंज की प्रसिद्ध मड़ई, तैयारी शुरू, मेला में लगेगी तरह-तरह की दुकानें

# अनोखी परंपरा बुधवार को ही भरता है मेला





**मंडला 02 नबंवर नभाप्र.** मंडला जिला आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। यहां का प्राकृति सौंदर्य और यहां की परंपराएं अद्‍भूत है। एक ओर यहां की प्राकृति लोगों को अपनी ओर खींचती है, वहीं यहां की अनोखी पंरपराएं भी जिले की अलग पहचान बनाती है। जिले में दीवाली पर्व के बाद मड़ई मेलों का दौर शुरू हो जाता है। अहीर अपनी परंपरिक पौषाक में झूमते, नाचते लोगो का मनमोहते है। इसी मड़ई, मेलों की परंपरा में आदिवासी बाहुल्य जिले के विकासखंड नारायणगंज में एक अखोनी पंरपरा वर्षो से चली आ रही है। नारायणगंज मुख्यालय में दीवाली के बाद लगने वाली मड़ई प्रतिवर्ष ग्यारस के बाद और उस माह के दूसरे सप्ताह में पड़ने वाले बुधवार को ही प्रारंभ होती है। बुधवार के दिन से लगने वाली मड़ई का सिलसिला वर्षो से चला आ रहा है, इस परंपरा में आज तक कोई व्यवधान नहीं आया है। विकासखंड नारायणगंज मुख्यालय में तीन दिवसीय मड़ई का आयोजन आगामी 05 नबंवर से शुरू होगा। जिसकी तैयारियां शुरू हो गई है। ग्राम पंचायत नारायणगंज पडरिया के मेला स्थल में झूले लगाने और दुकानों लगाने का कार्य प्रगति पर था। पडरिया सरपंच रामकुमार तेकाम ने बताया कि यह नारायणगंज मुख्यालय की प्रसिद्ध मड़ई है, जो चारो ओर विख्यात है। इस मड़ई में जिले समेत अन्य जिलों के व्यापारी व्यापार करने आते है।

जानकारी अनुसार जिले में एकादशी पर्व के बाद मड़ई मेले का आयोजन शुरू हो जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में इसे साल भर का एक बड़ा त्योहार माना जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में जगह जगह मड़ई चंडी का आयोजन किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत जिले के विकासखंड नारायणगंज में तीन दिवसीय मड़ई का आयोजन आगामी पांच नबंवर को किया जाएगा। जिसकी तैयारी पंचायत द्वारा की जा रही है। नारायणगंज मड़ई जिले भर में प्रसिद्ध है। यहां हर प्रकार की दुकानें लगाई जाती है। मेले में व्यापारी भी जिले समेत अन्य जिलों से अपना व्यापार करने पहुंचते है। मड़ई के पहले दिन से ही जन सैलाब इस मेले में उमड़ता है। नारायणगंज बस स्टेंड से लेकर मेला स्थल तक सिर्फ जन समूह की भीड़ ही दिखाई देती है।

## साल भर करते है लोग इंतजार

विकासखंड नारायणगंज मुख्यालय की मड़ई क्षेत्र की सबसे बड़ी मड़ई है। बताया गया कि नारायणगंज की मड़ई देवउठनी ग्यारस के बाद और माह के दूसरे सप्ताह में पड़ने वाले दूसरे बुधवार के दिन नारायणगंज मुख्यालय की मड़ई भरना प्रारंभ होती है। यहां वर्षो से यह परंपरा चली आ रही है। बुधवार का दिन नारायणगंज का साप्ताहिक बाजार का दिन भी होता है। जिसके कारण मड़ई के प्रथम दिन लोगों का हुजूम रहता है। नारायणगंज मेले में तीन दिन मड़ई स्थल में जमकर भीड़ रहती है, तरह-तरह की दुकानें सजाई जाती है। क्षेत्र समेत जिले के बाहर के व्यापारी मेला स्थल में आकर दुकाने लगाते है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नारायणगंज जैसा मेला कहीं ओर देखने को नहीं मिलता है, यहां हर प्रकार की दुकानें लगाई जाती है। लोगों की जरूरत का हर सामान यहां उपलब्ध होता है। इस दिन के लिए लोग यहां साल भर इंतजार करते है।

# छात्रों को मिला नियमित अध्ययन और स्वास्थ्य का संदेश

- नैनपुर स्कूल में अनूठी पहल
- बीईओ ने पूछा क्या बनना चाहते हो, बच्चों ने सपने लिखे कॉपी के पहले पेज पर
- बाल केबिनेट मंत्रालय ने किया नवागत बीईओ का स्वागत



**नैनपुर 02 नबंवर नभाप्र.** विकासखंड नैनपुर में नवागत बीईओ हीरेन्द्र वर्मा ने पदभार ग्रहण करने के बाद एकीकृत माध्यमिक शाला सर्रा पिपरिया का दौरा किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों द्वारा संचालित बाल केबिनेट मंत्रालय ने अपने अनूठे अंदाज में नवागत अधिकारी का स्वागत और सम्मान किया। बताया गया कि विद्यालय आगमन पर नवागत बीईओ हीरेन्द्र वर्मा का स्वागत बाल केबिनेट की पूरी टीम ने गुलदस्ता भेंट कर किया। स्वागत करने वालों में प्रधानमंत्री किरण उइके, उप प्रधानमंत्री अमन मरावी, शिक्षा मंत्री रेखा प्रिया और खुशबू सिंगराम, स्वच्छता मंत्री आभा उइके और रागिनी उइके, स्वास्थ्य मंत्री प्रतिभा मरावी और विभा मर्सकोले, खेल मंत्री दीपक बघेल और गोविंद तिलगाम, पर्यावरण एवं जल संवर्धन मंत्री आस्वानी पन्द्रो, और सांस्कृतिक मंत्री मोनिका उइके एवं सृष्टि उइके शामिल रहीं।

बीईओ हीरेन्द्र वर्मा ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और नियमित रूप से स्कूल आने की प्रेरणा दी। इस दौरान नारायणगंज बीईओ डीके सिंगौर भी उपस्थित थे, जिन्होंने बच्चों के साथ सीधा संवाद किया। श्री सिंगौर ने प्रत्येक बच्चे से पूछा कि वे भविष्य में क्या बनना चाहते हैं और उनके सपनों को सभी विषयों की कॉपी के पहले पृष्ठ पर लिखवाया।

## तंबाकू सेवन पर खुली चर्चा

संवाद के दौरान बीईओ डीके सिंगौर ने तंबाकू-गुटखा खाने वाले बच्चों की जानकारी भी पूछी। एक बच्चे ने ईमानदारी दिखाते हुए चोरी-छिपे तंबाकू खाने की बात स्वीकार की, जिसे मौके पर ही उचित समझाइश दी गई। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्राचार्य अखिलेश चंद्रोल, मंडल संयोजक विवेक शुक्ला, और एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष दिलीप मरावी भी उपस्थित रहे। उपस्थित सभी अतिथियों ने शाला परिसर की उत्कृष्ट साफ-सफाई, बच्चों की बैठक व्यवस्था और उनके पढ़ाई के स्तर की सराहना की।

# पिंडरई में भव्य पिच्छिका परिवर्तन की तैयारी में जुटे श्रद्धालु

### मुनिश्री नीरज सागर और निर्मदसागर का पिच्छिका परिवर्तन समारोह 6 नवंबर को

**मंडला 02 नबंवर नभाप्र.** लघु तीर्थ क्षेत्र व्रती नगरी पिंडरई में इन दिनों धर्म और अध्यात्म का माहौल छाया हुआ है। परम पूज्य आचार्य भगवन विद्यासागर महाराज एवं आचार्य महाराज समयसागर के आज्ञानुवर्ती शिष्य मुनिश्री नीरज सागर एवं मुनिश्री निर्मदसागर का भव्य पिच्छिका परिवर्तन समारोह आयोजित होने जा रहा है। यह धार्मिक अनुष्ठान 06 नवंबर गुरुवार को संपन्न होगा। यह पावन समारोह श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान की समापन वेला में आयोजित किया जाएगा। मुनियों का यह परिवर्तन समारोह पिंडरई स्थित श्री विद्या स्वभाव भवन में होगा, जिसकी तैयारियां जोरों पर हैं। पिच्छिका परिवर्तन जैन मुनियों के जीवन का एक महत्वपूर्ण और त्यागपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान है। पिच्छी जैन साधु के लिए सबसे आवश्यक उपकरण होती है। इसे बदलते समय मुनि अहिंसा और संयम के प्रति अपने संकल्प को और मजबूत करते हैं। बताया गया कि यह समारोह मुनि जीवों की सुरक्षा के लिए उपयोग में लाए जाने वाले अपने उपकरणों को भी समय-समय पर बदलते हैं। आचार्य भगवन के शिष्यों का पिच्छिका परिवर्तन समारोह होने के कारण देश भर के जैन धर्मावलंबियों में उत्साह का माहौल है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस पावन अवसर के साक्षी बनने के लिए व्रती नगरी पिंडरई पहुँच रहे हैं।

# तेज रफ्तार का कहर, क्रेटा की टक्कर से तीन भाई-बहन गंभीर

- तीनों घायलों को जबलपुर रेफर करने की तैयारी
- पुलिस ने तेज रफ्तार कार चालक पर मामला दर्ज किया
- भीषण टक्कर में दूर छिटके घायल



**घुघरी 02 नबंवर नभाप्र.** घुघरी-मंडला मार्ग पर स्थित कन्ड्रा में एक भयावह सड़क दुर्घटना हुई। घुघरी से मंडला की दिशा में जा रही एक तेज रफ्तार क्रेटा कार ने सामने से आ रही एक मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण टक्कर में छिवलाटोला निवासी एक ही परिवार के तीन भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी अनुसार दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल पर सवार छिवलाटोला, घुघरी के निवासी राहुल भवेदी (22 वर्ष), अनूप भवेदी (19 वर्ष) और उनकी बहन भावना भवेदी (17 वर्ष) कहीं जा रहे थे। बताया जा रहा है कि पिंडरई निवासी सोनी जी की यह क्रेटा कार अत्यंत तेज गति में थी, जिसके कारण चालक नियंत्रण खो बैठा और मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों भाई-बहन मोटरसाइकिल समेत घटना स्थल पर ही दूर छिटक गए। उन्हें सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं।

बताया गया कि दुर्घटना के तुरंत बाद सड़क पर अफरा-तफरी मच गई, लेकिन मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने मानवता दिखाते हुए घायलों को तुरंत संभाला और घुघरी पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 टीम तुरंत घटना स्थल पर पहुंची और स्थानीयजनों और पुलिस की मदद से तीनों गंभीर घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुघरी में भर्ती कराया गया। जहां सभी घायलों का उपचार किया जा रहा है।

घुघरी थाना प्रभारी पूजा बघेल ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना की जांच की जा रही है। तेज रफ्तार एवं लापरवाही से वाहन चलाने वाले कार चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।






# ग्रामीणों को बताए बाल विवाह के दुष्परिणाम

**मंडला 02 नबंवर नभाप्र.** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी शालिनी तिवारी के मार्गदर्शन में मंडला जिले में जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में परियोजना बीजाडांडी के ग्राम विजयपुर, मानिकसरा, कन्या शिक्षा परिसर, टिकरिया एवं मझगांव मड़ई में नुक्कड़ के माध्यम से बाल विवाह के दुष्परिणाम, बाल विवाह के बाद होने वाली सजा के बारे में बताया गया।

# अचानक मालवाहक चालक को आई मिर्गी, बाल-बाल बचे लोग, नारायणगंज बस स्टेंड की घटना

**मंडला 02 नबंवर नभाप्र.** नारायणगंज बस स्टेंड मार्ग में जनपद पंचायत मार्ग की तरफ एक मालवाहक वाहन नारायणगंज बस स्टेंड से होते हुए मैली चौराहे की तरफ जा रहा था। इसी दौरान अचानक बस स्टेंड पहुंचते ही वाहन अचानक तेज होकर एक मेडिकल स्टोर के सामने लगे शेड के लोहे के पाईप और मेडिकल की सीढ़ियों से जा टकराया। इस दौरान वाहन के सामने चल रहे कुछ लोग बाल बाल बच गए।

बताया गया कि मालवाहक वाहन चला रहे चालक के युवक को अचानक मिरगी का दौरा आ गया। वाहन में चालक के साथ बैठक एक अन्य युवक भी इस घटना को देखकर अचानक अचंभित हो गया और घबरा गया। युवक को मिरगी आते ही अचानक वाहन थोड़ी तेज हो गया था और नारायणगंज बस स्टेंड के एक मेडिकल स्टोर की सीढ़ियों से टकरा गया। गनीमत रही कि इस दौरान कोई बड़ी अनहोनी नहीं हुई, यदि वाहन मेडिकल स्टोर की सीढ़ियों मे ना टकराकर सीधे जाता तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था। बताया गया कि जैसे ही मालवाहक वाहन टकराया तो बस स्टेंड में मौजूद लोगों का हुजूम लग गया। वाहन चालक जिस युवक को मिरगी आई थी उसे तत्काल वाहन से नीचे उतारा गया। इसी जानकारी लगते ही उस युवक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद तत्काल युवक को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज ले जाया गया। जहां युवक का उपचार किया गया। फिलहाल युवक अब ठीक है।



# गाजे-बाजे के साथ निकली प्रभु शालिग्राम की बारात, विधिवत शास्त्रोक्त विधि से संपन्न हुआ तुलसी विवाह

- नारायणगंज की राधेश्याम कुटी में पारंपरिक तुलसी विवाह
- भक्तिभाव से वर-कन्या पक्ष बनकर शामिल हुए ग्रामवासी



**नारायणगंज 02 नबंवर नभाप्र.** धर्म और आस्था के प्रतीक तुलसी विवाह का पावन पर्व नारायणगंज स्थित राधेश्याम कुटी में भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। विगत लंबे समय से चली आ रही परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी ग्रामवासियों ने वर पक्ष और कन्या पक्ष बनकर इस वैवाहिक अनुष्ठान में सहभागिता की। बताया गया कि नारायणगंज के सोनी समाज के व्यापारी परिवार ने वर और वधु पक्ष का दायित्व निभाया। इस वर्ष यह सौभाग्य नारायणगंज के व्यापारी मंगल लाल सोनी के सुपुत्र संदीप सोनी एवं उनकी पत्नी शालिनी सोनी को प्राप्त हुआ। उन्होंने प्रभु शालिग्राम का वर पक्ष बनकर विधिवत बारात निकाली। वही राजेंद्र सोनी ने कन्या पक्ष बनकर अतिथियों का स्वागत और सत्कार किया।

जानकारी अनुसार इस धार्मिक कार्यक्रम में नारायणगंज नगर में विवाह उत्सव का माहौल रहा। बारात के स्वागत के लिए जगह-जगह चाय, पानी और नाश्ते की व्यवस्था कराई गई थी। बारात को विराम देने और बारातियों के स्वागत सत्कार के लिए जनवाशे की भी समुचित व्यवस्था की गई थी।

## शास्त्रोक्त विधि से संपन्न हुआ अनुष्ठान

बताया गया कि प्रभु की बारात के कुटी पहुंचने पर पुरोहितों द्वारा द्वाराचार का कार्यक्रम संपन्न कराया गया, जिसके तहत प्रभु की अगवानी की गई। इसके बाद मंडप में पुरोहितों ने विधिवत शास्त्रोक्त विधि से विवाह के मंत्रोच्चारण के साथ तुलसी और प्रभु शालिग्राम का विवाह संपन्न कराया।

## विवाह में स्थानीय नागरिक रहे मौजूद

इस धार्मिक कार्यक्रम में राधेश्याम कुटी के संचालक, ग्रामवासी और नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान प्रमुख रूप से रघुनंदन विश्वकर्मा, अखिलेश अग्रवाल, राजकुमार साहू, गिरीश अग्रवाल, संतोष सोनी, विनोद अग्रवाल, माखनलाल सोनी, संदीप सोनी, राजेंद्र सोनी, कैलाश सोनी एवं ग्राम के समस्त महिला, पुरुष उपस्थित होकर इस कार्यक्रम के साक्षी बने।

# सब जूनियर नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप में 7 बालकों का चयन, मंडला जिले के बालकों ने लहराया परचम

**मंडला 02 नबंवर नभाप्र.** मंडला जिले की फुटबॉल प्रतिभाओं ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। सब जूनियर अंडर-15 वर्ष बालक राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप 2025 के लिए जिले के 07 बालको का चयन किया गया है। यह प्रतियोगिता 01 से 10 नबंवर तक नारायणपुर छत्तीसगढ़ में आयोजित की जा रही है। जिला फुटबॉल संघ के पंकज उसराठे ने बताया की यह चयन हाल ही में बालाघाट के वारासिवनी मेआयोजित मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय सब जूनियर बालक फुटबॉल प्रतियोगिता के आधार पर हुआ। बताया गया कि इस चयन प्रतियोगिता में 09 खिलाड़ियों को नेशनल कैंप के लिए चुना गया। कैंप के समापन पर इनमें से 07 खिलाड़ी अंतिम सूची में शामिल किये गये हैं। चयनित खिलाड़ियों में रौनक बैरागी, एकांश जैन, आकिब भवेदी, विनित बघेल, मयंक विश्वकर्मा, हर्षित मरावी, रामदास बैरागी शामिल है। बताया गया कि मंडला जिले के खिलाड़ी न केवल प्रदेश में बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं।

# कटरा बायपास के पास बस की टक्कर से युवक की मौत

### मंडला में एनएच-30 पर रफ्तार का कहर, दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल, बस चालक फरार

**मंडला 02 नबंवर नभाप्र.** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे 30 पर कटरा बायपास के समीप देर रात एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना तब हुई, जब तीनों युवक शनिवार की रात मड़ई से अपने गांव लौट रहे थे। जानकारी अनुसार अचली सेमरखापा निवासी तीन युवक नीलेश उर्फ नीलू चक्रवर्ती (18), मोनू यादव (17) और शिवराज मरावी (18) एक ही बाइक पर सवार होकर घर वापस आ रहे थे। इसी दौरान कटरा बायपास के पास उनकी बाइक एक तेज रफ्तार बस से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि 18 वर्षीय नीलेश उर्फ नीलू चक्रवर्ती की मौके पर ही मौत हो गई।



हादसे के बाद बस चालक वाहन सहित घटना स्थल से फरार हो गया। दुर्घटना में घायल हुए मोनू यादव और शिवराज मरावी को तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। रविवार को पीएम के बाद मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच शुरू कर दी है, साथ ही फरार बस चालक की तलाश भी की जा रही है।

# कलश यात्रा के साथ बिझोली में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

### पंडित उदय प्रकाश पांडे करेंगे कथा का श्रवण, 8 नवंबर तक चलेगा भक्तिमय आयोजन



**निवास 02 नबंवर नभाप्र.** निवास के समीप ग्राम बिझोली में विशाल कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन का शुभारंभ हो गया है। ग्रामवासियों में कथा को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला, जिसके चलते कथा स्थल पर भक्तिमय वातावरण निर्मित हो गया। कथा के शुभारंभ से पूर्व निकाली गई कलश यात्रा माता विंध्यवासिनी मंदिर से शुरू हुई। यह यात्रा बैंड-बाजों, आतिशबाजी और जयकारों के साथ ग्राम के विभिन्न मार्गों से गुजरी, जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। यात्रा पुन: माता मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई, जिसके बाद विधिवत कथा का पूजन प्रारंभ किया गया।



इस पावन कथा का वाचन प्रसिद्ध कथावाचक पंडित उदय प्रकाश पांडे के द्वारा किया जा रहा है। वे प्रतिदिन भक्तों को श्रीमद् भागवत कथा के महत्व और आध्यात्मिक रहस्यों का श्रवण कराएंगे। आयोजकों ने बताया कि यह कथा दो नवंबर से शुरू होकर आठ नवंबर तक चलेगी, जिसमें बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी जनता की सहभागिता की उम्मीद है।

प्रशिक्षण | साइबर अपराध पर लगाम लगाने की पहल, थानों के साइबर डेस्क अधिकारियों का विशेष प्रशिक्षण

# डिजिटल अरेस्ट और इन्वेस्टमेंट फ्रॉड से निपटने की तैयारी




**मंडला 02 नबंवर नभाप्र.** साइबर अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटने और नागरिक सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मंडला पुलिस द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। पुलिस कंट्रोल रूम मंडला में थानों के साइबर डेस्क में पदस्थ अधिकारियों के लिए एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। बताया गया कि मंडला पुलिस द्वारा पूर्व से ही प्रत्येक थाना में साइबर डेस्क की स्थापना की गई है, जिसमें उप निरीक्षक रैंक के अधिकारी को प्रभारी और उनके सहायतार्थ युवा पुलिस कर्मियों को नियुक्त किया गया है। यह प्रशिक्षण सत्र साइबर सेल, मंडला द्वारा पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसका मुख्य फोकस तकनीकी दक्षता और त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना था। जानकारी अनुसार जिले के सभी थानों के साइबर डेस्क प्रभारी और सहायक अधिकारियों ने इस सत्र में भाग लिया। प्रशिक्षण में फ्रॉड राशि रिकवरी पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए विशेष विषयों पर व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। अधिकारियों को नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करने के तकनीकी और प्रक्रियात्मक पहलुओं पर गहन व्यावहारिक अभ्यास कराया गया, जिससे शिकायत निराकरण की गति बढ़ाई जा सके। बताया गया कि प्रशिक्षण का मुख्य फोकस धोखाधड़ी से गई राशि को ट्रैक करने, बैंकों के साथ समन्वय स्थापित कर उसे फ्रीज कराने और पीड़ितों की राशि की त्वरित रिकवरी सुनिश्चित करने के प्रभावी तरीकों पर रहा। अधिकारियों को डिजिटल अरेस्ट, इन्वेस्टमेंट फ्रॉड, टेलीग्राम टास्क फ्रॉड जैसे नए साइबर अपराधों की जानकारी और उनसे निपटने की विशिष्ट रणनीतियों से अवगत कराया गया। पीड़ितों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने और उन्हें कानूनी प्रक्रिया के बारे में सही जानकारी प्रदान करने पर भी विशेष बल दिया गया।

## आमजन से अपील

मंडला पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे साइबर फ्रॉड से बचाव के तरीकों के बारे में जानने के लिए मंडला पुलिस के सोशल मीडिया हैंडल को फॉलो करें। अपने साथ हुए किसी भी साइबर या सोशल मीडिया फ्रॉड की शिकायत हेल्पलाइन 1930, वेबसाइट या नजदीकी थाने में तत्काल दर्ज कराएं।

## प्राप्त ज्ञान को तत्काल लागू करें अपने थानों में

साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र बिसेन ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक थाने में स्थापित साइबर डेस्क हमारी पहली प्रतिक्रिया इकाई है। इस प्रशिक्षण का एकमात्र उद्देश्य उन्हें तकनीकी रूप से दक्ष बनाना है जिससे वे साइबर अपराध के मामलों में त्वरित न्याय सुनिश्चित कर सकें। मंडला पुलिस साइबर अपराधियों से एक कदम आगे रहने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रशिक्षण के समापन पर सभी अधिकारियों को प्राप्त ज्ञान को तत्काल अपने-अपने थानों में लागू करने और आम नागरिकों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए सघन अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है।

हेल्पलाईन-9713644800

माँ नर्मदा होम कॉलोनी
(प्रस्तावित बस स्टेण्ड गाजीपुर के समीप व निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज बड़ी खैरी की सीमा से लगा हुआ)
कम से कम रेट पर... सभी साईज के प्लॉट उपलब्ध
शासकीय कर्मचारी व प्रायवेट कर्मचारी के साथ-साथ व्यापारी भाईयों के लिये सुनहरा अवसर
आज ही आईयें और अपने घर का सपना साकार कीजिये
बिजली, सड़क एवं नाली की सुविधा युक्त
कम से कम कागजी कार्यवाही, तुरंत फायनेंस स्वीकृति, शत्-प्रतिशत फायनेंस
स्पेशल ऑफर प्लाट बुक करने पर रजिस्ट्री फ्री
मो.- 7828214860, 8305671202
ऑफर सीमित समय के लिये*
पता ऑफिस- जबलपुर - रायपुर नेशनल हाइवे, बायपास मेन रोड, कटरा (मंडला)
सिटी ऑफिस- हाउसिंग बोर्ड काम्पलेक्स, प्रथम तल फ्लेट नं. 4 बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने, जबलपुर रोड, मंडला